उत्तराखण्ड शासन
ग्राम्य विकास विभाग
संख्या – /XI//14/56(21)/2011
देहरादून, दिनांक 28 मार्च, 2014

कार्यालय आदेश

आईफेड सहायतित समेकित आजीविका सहयोग परियोजना में मिशन निदेशक, मनरेगा के अन्तर्गत राज्य स्तरीय मनरेगा प्रकोष्ठ में अपर राज्य कार्यक्रम समन्वयक एवं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन में मिशन निदेशक का कार्य पदेन रूप से अधोहस्ताक्षरी को सौंपा गया है। वर्तमान में अधोहस्ताक्षरी के पास शासन स्तर पर 09 विभाग– ग्राम्य विकास, पंचायतीराज, लघु सिंचाई, सूचना, सीमान्त क्षेत्र विकास, क्षेत्र विकास एवं प्रबन्धन, ग्रामीण सड़के एवं डेनेज, पिछड़ा क्षेत्र विकास एवं ग्राम्य तालाब विकास के सचिव का दायित्व है।

अतः उक्त तथ्यों को दृष्टिगत रखते हुये विभागीय हित में समेकित आजीविका सहयोग परियोजना एवं राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के मिशन निदेशक तथा मनरेगा के अपर राज्य कार्यक्रम समन्वयक के दिन–प्रतिदिन के विभागीय कार्य हेतु शासन के अग्रिम आदेशों तक श्रीमती ज्योति नीरज खैरवाल, अपर सचिव, ग्राम्य विकास को नामित किया जाता है। उक्त तीनों प्रकोष्ठों के सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया जाता है कि वें अपने–अपने प्रकोष्ठों की विभागीय पत्रावली निर्णय हेतु श्रीमती खैरवाल को प्रस्तुत करेंगे।

(विनोद फोनिया)
सचिव।

संख्या –1260/ XI//14/56(21)/2011

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. निजी सचिव, अपर मुख्य सचिव एवं एफआरडीसी को अपर मुख्य सचिव एवं एफआरडीसी महोदय के संज्ञानार्थ।
2. परियोजना निदेशक, समेकित आजीविका सहयोग परियोजना, देहरादून।
3. मुख्य कार्यकारी अधिकारी राज्य स्तरीय ग्रामीण आजीविका मिशन देहरादून।
4. अधिशासी निदेशक/परियोजना समन्वयक, राज्य स्तरीय मनरेगा प्रकोष्ठ, देहरादून।
5. गार्ड फाईल।

(विनोद फोनिया)
सचिव।

समेकित आजीविका सहयोग परियोजना
(ULIPS)
पंजीकरण 1200
दिनांक 31.03.2014
पत्रावली संख्या 02(16)
शाखा

Desktop : U.O.docx